प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु दावा–आपत्ति की तिथि निर्धारित

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रुप में निवासरत् परिवारों एवं वरिष्ठ नागरिकजन, दिव्यांगजन हेतु विभिन्न परियोजना स्थल एनार स्टेट खम्हरिया, वार्ड क्रमांक 01 सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिर्ल्डस कुरूद, कृष्णा इंजिनियरिंग कॉलेज के पीछे, खम्हरिया, आम्रपाली हाऊसिंग बोर्ड, अविनाश मेट्रोपॉलिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मितधनिर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे उक्त स्थलों पर आवास आबंटन हेतु कुल 1018 आवेदन प्राप्त हुये है। आवेदनों की सूची अपूर्ण दस्तावेज एवं पूर्ण दस्तावेज संलग्न कर आवेदन जमा किये आवेदकों की सूची दावा–आपत्ति हेतु मुख्यालय एवं जोन कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा की जा रही है, जिसकी 15 दिवस समाप्ति पश्चात् अंतिम तिथि 16.12.2024 निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा। अंतिम तिथि का इंतजार ना करें कार्यालय अवधि में आकर के दावा आपत्ति के संबंध में अपना निराकरण करवा लेवे।